आवेदक की घोषणाएं

मैं घोषणा करता/करती हूं कि :

1. मैं विश्वविद्यालय के समस्त नियमों, निर्देशों, सूचनाओं एवं आचरण संहिता का पूर्णरूपेण पालन करूंगा/करूंगी।
2. विश्वविद्यालय के नियम, अनुशासन व व्यवस्था के प्रति वचनबद्ध रहूंगा/रहूंगी। अपना व्यवहार संयत, शालीन एवं विनम्र रखते हुए प्रत्येक प्रकरण में विश्वविद्यालय के निर्णयों का पालन करूंगा/करूंगी।
3. ऐसी किसी भी गतिविधि में भाग नहीं लूंगा/लूंगी जिससे विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा एवं निहित उद्देश्यों का अहित हो।
4. कक्षा में 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनिवार्यता का पालन करूंगा/करूंगी अन्यथा मुझे सत्रान्त परीक्षा में सम्मिलित होने की पात्रता नहीं होगी / मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
5. मैं घोषणा करता/करती हूं कि, मैं पाठ्यक्रम अध्ययन के दौरान कोई नौकरी, रोजगार, व्यवसाय नहीं करूंगा/करूंगी। मैं पाठ्यक्रम अवधि में नियमित अध्ययन कार्य करूंगा/ करूंगी। यदि पाठ्यक्रम के दौरान यह ज्ञात हुआ कि मैं नौकरी, रोजगार, व्यवसाय कर रहा/रही हूं तो मेरा प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
6. मैं किसी प्रकार की रैगिंग गतिविधि में भाग नहीं लूंगा/लूंगी।
7. मैं विश्वविद्यालय में आगमन एवं प्रस्थान के लिए दो-पहिया वाहन एवं चार-पहिया वाहन का उपयोग करते समय अपने उचित लाइसेंस का तथा हैलमेट लगाने एवं सीट बैल्ट बांधने के नियम का पालन करूंगा/ करूंगी।
8. मैं विश्वविद्यालय की किसी भी नीति की सार्वजनिक आलोचना नहीं करूंगा/करूंगी अपितु किसी समस्या की स्थिति में विश्वविद्यालय, विभाग के अधिकारियों के सहयोग से उसे दूर करूंगा/करूंगी।
9. मेरे विरुद्ध पूर्व में अनुशासनहीनता, दुराचार, रैंगिंग, नकल प्रकरण, आपराधिक कृत्य के विरुद्ध कोई न्यायालयीन, विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा कार्यवाही नहीं की गई है। यदि हां तो विवरण दें-

   .....

   .....

मेरे द्वारा उपरोक्त दी गई समस्त जानकारी पूर्णत: सत्य है। किसी भी तथ्य को न तो छिपाया है और न ही कोई असत्य, भ्रामक जानकारी दी है।

दिनांक .....

भवदीय

हस्ताक्षर .....

नाम:.....

पिता/पति का नाम : .....

पता: .....

.....

दूरभाष, मोबाईल नं. .....